पशुओं में प्लास्टिक / पोलीथीन के दुष्प्रभाव

प्लास्टिक थैलियां न केवल पशुओं की मौत का कारण बन रही हैं बल्कि इनसे मानव के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्लास्टिक खाने के कारण

- पशुओं के शरीर में खनिज तत्वों की कमी
- पशुओं को संतुलित पशु आहार प्रदान नहीं करना
- पशुओं को चरने के लिए आवारा छोड़ना

लक्षण

- चारा व पशु आहार खाने में अरूचि, बैचेनी व दुग्ध उत्पादन में कमी
- पेट में दर्द, घनुश की तरह दर्द युक्त कमर
- बार-बार हल्का आफरा आना/रूमेन टिम्पेनी
- रूमेन का कठोर महसूस होना
- एबोमेजम का विस्थापन होना
- आंतों में अस्थाई रूप से रूकावट आना

प्लास्टिक खाता पशु

रूमिनोटॉमी ऑपरेशन

बचाव व उपचार

- लोगों को पोलीथीन का प्रयोग रोकने के लिए जागरूक करना जिससे पशुओं को पोलीथीन के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है
- गृहणियों को घर के कूड़े, सब्जी व बचा हुआ भोजन इत्यादि को पोलीथीन में डालकर/बांधकर नहीं फैंकना चाहिए
- पशुओं को खनिज तत्व मिश्रण तथा संतुलित पशु आहार देना चाहिए
- उपचार हेतु पशुचिकित्सक की सलाह से पशु की रूमिनोटॉमी ऑपरेशन करवानी चाहिए जो इसका सबसे अच्छा उपचार है
- सरकार को पोलीथीन के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाना चाहिए

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031